तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 19 मई 2024

अच्छे शिक्षक को आलराउंडर प्लेयर की तरह होना चाहिए : वर्मा 12

आत्मानंद विद्यालय कसडोल में समर कैंप प्रारंभ 12

खबर संक्षेप

दो शराब कोचियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भाटापारा। अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशों के परिपालन मे थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में शनिवार को पुलिस टीम द्वारा ग्राम माचाभाट मेन रोड में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने वाले 02 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है।
आरोपीगण के कब्जे से 50 पौवा शोले देशी मशाला कुल 9.000 शराब बल्क लीटर किमती 5500 रूपये तथा एक पुरानी मोटरसायकल होण्डा साईन सीजी 22 जे 5926 किमती 50000 एवं बिक्री रकम 7000 रूपये को जप्त किया गया है। आरोपीगण के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

अधेड़ ने मकान में फांसी लगाकर की आत्महत्या

महासमुंद। सरायपाली में किराए के मकान में रह रहे 52 वर्षीय अधेड़ ने आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को शाम करीब 6 बजे रामभरोसा बघेल पिता प्रभाकर बघेल 52 साल निवासी वार्ड नं. 03 बांधापारा विरेन्द्र नगर सरायपाली ने अज्ञात कारण से अपने कमरे में लगे पंखे पर लूंगी से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर कार्यवाही विवेचना में लिया है।

बाइक से महिला को मारी ठोकर, अपराध दर्ज

महासमुंद। बागबाहरा के बस स्टैंण्ड के पास महिला को बाइक चालक ने ठोकर मार देने पर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली सुचना के अनुशार मो.सा. क्र. सीजी-04 जेएफ -4698 चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से आकर अमरोतिन बाई नेताम को ठोकर मारकर एक्सीडेंण्ट कर दिया की रिपोर्ट पर से अपराध कायम कर कार्यवाही विवेचना में लिया गया है।

बगीचा में लगाई फांसी

महासमुंद। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम लभराखुर्द के पास आम बगीचा में अज्ञात महिला ने फांसी लगा ली। घटना की सूचना गंगाराम कुर्रे ने पुलिस को दी। महिला की उम्र करीब 45 से 55 साल बताई जा रही है।

आक्रोश : समाज के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर और एसपी से मुलाकात कर कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन

जैतखाम काटने और गेट तोड़ने का विरोध सामाजिक लोगों ने चौकी का घेराव किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी/गोपालपुर

बलौदाबाजार जिले के अंतर्गत सतनामी समाज के प्रमुख धार्मिक स्थल गिरौदपुरी धाम से लगा हुआ लगभग चार किलोमीटर की दूरी पर ग्राम के पास पहाड़ी पर गुरु अमरदास गुफा है, जहां गुरु गद्दी एवं जोड़ा जैतखाम की स्थापना की गई है। यहां प्रतिदिन सुबह शाम पूजा की जाती है। इसकी स्थापना लगभग 20 वर्ष पूर्व की गई है। इसे बाधिन गुफा के नाम से भी जाना जाता है। गिरौदपुरी मेला के समय गुरु द्वारा पालों चढ़ाया जाता है। उक्त अमर गुफा में जैतखाम को असामाजिक एवं जातिवादी मानसिकता के व्यक्तियों द्वारा 15–16 मई को रात्रि में सुनियोजित ढंग से आरी से काटा गया है, वहीं गुफा में सुरक्षा के दृष्टिकोण से लगाएं गये लोहे के गेट को तोड़ दिया गया है। जब पुजारी सुबह पूजा करने अमर गुफा गया तब घटना की जानकारी हुई।

प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख डॉ. सनम जांगड़े पूर्व विधायक, संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मोहन बंजारे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अश्विनी बबलू त्रिवेन्द्र, बलौदा बाजार जिला अध्यक्ष देवेन्द्र चतुर्वेदी, जिला सचिव दीपक घृतलहरे, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सुखनंदन बघेल, जिला सहसचिव सुशील बंजारे, शांति पात्रे, नरोत्तम बघेल अध्यक्ष उत्थान समिति ब्लाक अध्यक्ष गणेश बघेल, सतनामी समाज गिरौदपुरी धाम पीडी जहरीले, शत्रुहन बंजारे, संतोष सोनवानी, भूवनेश्वर डहरिया, देवेन्द्र पात्रे, निक्कू टंडन, उमेना डहरिया, विजय बांधे, धर्मेन्द्र खुंटे, मैनेजर डहरिया, अजय सांडे, रायपुर से पृथ्वी राज बघेल, अशोक बंजारे, जितेन्द्र चेलक, मुंगेली से अनिल प्रबल और साथी अतिक के सोनवानी सहित प्रमुख लोग उपस्थित थे। आंदोलन में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों सहित बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, गुरु ढालदास, गुरुमाता कौशल, प्रदेश सतनामी समाज से सुशील जांगड़े, किशोर नवरंगे, राजकुमार सतनामी सहित भीम आर्मी भीम रेजिमेंट व समाज के प्रमुख संगठन के लोग उपस्थित रहे।

अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा

सामाजिक प्रतिनिधि मंडल को पुलिस अधीक्षक द्वारा आश्वस्त किया गया कि इस प्रकरण में अपराध दर्ज कर टीम गठित कर पतासाजी की जा रही है। अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। प्रगतिशील छग सतनामी समाज के प्रतिनिधि मंडल गिरौदपुरी धाम पहुंच घटनास्थल का जायजा लिया एवं पुलिस के आला अधिकारियों से अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी हासिल की। घटना को लेकर आंदोलनकारियों से चर्चा कर आंदोलन को समर्थन दिए।

कड़ी कार्रवाई की मांग

जैतखाम तोड़े जाने की घटना को लेकर सतनामी समाज जिला बलौदा बाजार के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी एवं कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। वहीं प्रगतिशील छग सतनामी समाज के प्रतिनिधियों ने गिरौदपुरी धाम में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने, गिरौदपुरी के आसपास क्षेत्र को नशा एवं मांस–मदिरा प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित करने सहित अमर दास गुफा में जैतखाम का ससम्मान विधिवत स्थापना कराने, समाज पर लगातार हो रहे अन्याय अत्याचार के मामले पर अंकुश लगाने सहित अन्य सामाजिक विषयों पर चर्चा कर ज्ञापन सौंपा।

आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग, जताया आक्रोश

सारंगढ़-बिलाईगढ़। सतनामी समाज के आस्था का केंद्र गिरौदपुरी धाम में अज्ञात असामाजिक व्यक्तियों द्वारा जोड़ा जैतखाम को काटकर फेकने वाले पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर गिरौदपुरी चौकी का घेराव किया गया।जानकारी के मुताबिक सतनामी समाज एवं मानव-मानव एक समान के जनक गुरुघासीदास के सिद्धांत पर चलने वालों के आस्था का केंद्र गिरौदपुरी धाम में अमरगुफा स्थल पर स्थापित जोड़ा जैतखाम एवं गेट को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तोड़कर फेक दिया गया है, जो निंदनीय एवं घृणित कार्य है। लगातर इस तरह की घटना करने वालों का मनोबल लगातार बढ़ते जा रहा है। वहीं इस तरह कृत्य कर लोगों द्वारा जातिवादी मानसिकता को बढ़ावा देने वाली बात सामने आ रही है। इसे लेकर सतनामी समाज के लोगों का आक्रोश सामने आया। वहीं सतनामी समाज के लोगों का

▶▶ शेष पेज 11 पर

सीसी टीवी कैमरा लगवाने की मांग की

भविष्य में सतनामी के लोगों में असंतोष की भावना उत्पन्न न हो उक्त कृत्य करने वाले व्यक्तियों की पतासाजी कर कठोर कार्रवाई करने सतनामी सामाज द्वारा अज्ञात लोगों पर भारतीय दण्ड संहिता धारा 295 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में समस्त छ.ग. के सतनामी समाज आंदोलन के लिए मजबूर हो सकते हैं। साथ ही इस प्रकरण पर तत्काल अपराध दर्ज कर घृणित कार्य करने वाले व्यक्तियों पर कार्रवाई करने के साथ ही सह सम्मान जोड़ा जैतखाम एवं मंदिर गेट को छतिग्रस्त किए समस्त सामग्रियों को मरम्मत कर पुनः स्थापित कर सीसी टीवी कैमरा लगवाने की मांग की।

ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों का खेल प्रशिक्षण 4 जून तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

■ वॉलीबॉल का विशेष प्रशिक्षण शिविर जारी

स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार व खेल एवं कल्याण विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी विकासखण्डों में खेल संघो व व्यायाम शिक्षकों के द्वारा अलग–अलग खेल विधाओं का प्रशिक्षण 15 मई से 4 जून तक दी जा रही है।

इसी कड़ी में सिमगा ब्लॉक अंतर्गत झाड़ू राम वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा में हर साल की तरह इस साल भी वॉलीबॉल का विशेष प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया है। जहां खेल के साथ–साथ खिलाड़ियों के लिए पोषक तत्व को ध्यान में रखते हुए अंकुरित चना व गुड रोजाना बांटा जा रहा है। व्यायाम शिक्षक, सिविल सर्विसेज के राष्ट्रीय खिलाड़ी,

▶▶ शेष पेज 11 पर

गर्मी से राहत दिलाने श्रमिकों को कार्य स्थल पर दिया जा रहा ग्लूकोस और शरबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान ने श्रमिकों के स्वास्थ्य के लिए नई पहल की है।

इस नई पहल अंतर्गत पंचायत और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिले में चल रहे विकास कार्यों के कार्य स्थल पर मितानिनों एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा कार्य स्थल पर श्रमिकों के लिए निःशुल्क ग्लूकोस, ओआरएस, शरबत इत्यादि मुहैया कराया जा रहा है। इससे श्रमिकों को गर्मी में कार्य करते हुए राहत मिल रही है। यह कार्य विकासखंड बिलाईगढ़ के कई ग्राम पंचायतों में किया गया।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

आवश्यकता है
हरिभूमि
छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र में टीम लीडर एवं प्रसार सहायक की आवश्यकता है। जिसका हेड क्वाटर बलौदाबाजार शहर होगा। कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर जिला रहेगा।
पद : टीम लीडर - 1 पद
योग्यता : स्नातक, उम्र- 25-30 वर्ष
वेतन 12,000 + 2000
पद : प्रसार सहायक - 5 पद
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक, उम्र- 20-30 वर्ष
वेतन 10,000 + 2000
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ दिनांक 20 मई से 25 मई 2024 तक निम्न ईमेल आईडी एवं व्हाटसअप नम्बर पर तुरंत संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर
8370049468
Email id: cir.haribhoomi@gmail.com

बांध में जल स्तर घटने से लगभग 10 क्विंटल से अधिक मछली मरी

बगैर नोटिस तोड़ा बांध, मछुआरों को लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी-बंगला

■ सिंचाई विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर

पलारी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खरतोरा में सिंचाई विभाग की लापरवाही सामने आई है। खरतोरा के बांध में सिंचाई विभाग द्वारा मछुवारा समिति को बिना जानकारी एवं किसी भी प्रकार से सूचना दिए ही बांध को तोड़कर पानी को बाहर कर दिया गया। इससे मछली पालन कर रहे समिति को लाखों रुपए ज्यादा का नुकसान भुगतना पड़ा है। उल्लेखनीय है कि यह जय मां दुर्गा मछुवारा समिति 1998 से पंजीकृत समिति है, जिसमें 21 सदस्य है, जो कि करीब 40 वर्षों से समिति से मछली पालन कर रहे है। वहीं मछुवारा समिति अध्यक्ष गणेशराम धीवर ने बताया कि बिना जानकारी दिए मनमानी करके ऐसा कदम सिंचाई विभाग ने उठाया है। बांध में जल स्तर कम होने से लगभग 10 क्विंटल से अधिक मछली मर गई और लाखों का नुकसान हो गया। गणेशु राम ने बताया कि हमारी समिति में 21 सदस्य है, जिनका घर मछली पालन के भरोसा चलता है और अभी लीज का पैसा जमा करना बाकी है। बीज, चारा और जाली भी खरीदने के लिए विभाग में पैसा जमा करना है।

इतना नुकसान होने से राशि जमा करने में काफी दिक्कत होगी। शासन–प्रशासन से कार्यवाही कर हर्जाना राशि के रूप में सहयोग करने की अपील की है।



मौखिक सूचना दी थी

मछुवारा समिति को मछली नहीं डालना है, कि मौखिक सूचना दिया था, लिखित में सूचना नहीं दी गई है।

-वीके सिरमौर
एसडीओ, जल संसाधन विभाग

बिना अनुमति एक माह गैरहाजिर रहने वाले सरकारी कर्मियों की होगी डीई, हो सकते हैं नौकरी से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब सरकार ने ऐसे अधिकारियों कर्मचारियों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है जो बिना अनुमति अवकाश पर चले जाते हैं। अब ऐसे कर्मी अगर एक महीने या उससे अधिक की अवधि के लिए गैर हाजिर रहते हैं, तो उनके खिलाफ विभागीय जांच की जाएगी। अगर दोषी पाए गए तो उन्हें नौकरी से बाहर किया जा सकता है। इस संबंध में राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित शासकीय सेवकों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही किये जाने संबंधी निर्देश में कहा गया है कि मूलभूत नियम-18 एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-7 के प्रावधानों के तहत अनाधिकृत अनुपस्थिति के संबंध में तत्काल कार्यवाही की जानी चाहिए। यह भी स्पष्ट किया गया है कि ऐसे शासकीय सेवक, जो अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहते हैं, को विभागीय जांच के दौरान निलंबन में रखना आवश्यक नहीं है, क्योंकि, ऐसा करने से वे निलंबन भत्ते आदि की मांग करते हैं।

सरकार के सामान्य प्रशासन ने जारी किया आदेश

विभागीय जांच छह माह में पूरी करने के निर्देश

एक माह से अधिक गायब रहे तो जाएगी नौकरी

सामान्य प्रशासन विभाग ने कहा है कि शासकीय सेवक एक माह या उससे अधिक अवधि के लिए अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहते हैं, उनकी ऐसी अनाधिकृत अनुपस्थिति की अवधि को नियम 27 पेंशन नियम, 1976, सहपठित मूलभूत नियम 17-एक के अधीन सभी उद्देश्यों के लिए सेवा-व्यवधान माना जाए। ऐसे सेवकों को किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाए। साथ ही, ऐसे शासकीय सेवकों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के प्रावधानों के तहत दीर्घशास्ति के लिए विभागीय जांच संस्थित की जाए। यह विभागीय जांच का निराकरण अधिकतम 6 माह की समयावधि में होनी चाहिए। आरोप सिद्ध होने पर सेवा से हटाने अथवा सेवा से पदच्युत करने की शास्ति दी जाए।

तो माना जाएगा सेवा में व्यवधान

सरकार के आदेश में कहा गया है कि एक माह से अधिक अवधि तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाले शासकीय सेवकों को उनके अवकाश काल के दौरान के पते एवं अंतिम ज्ञात पते दोनों पर ही इस आशय का सूचना-पत्र भेजा जाना चाहिए कि वह 15 दिवस में कारण बताएं कि क्यों न उनकी उक्त अनाधिकृत अनुपस्थिति को सेवा में व्यवधान मानते हुए, पेंशन, उपादान आदि समस्त उद्देश्यों के लिए उनकी सेवा पुस्तिका में इंद्राज किया जाए। सेवा में व्यवधान को समस्त प्रयोजन, जिनमें पेंशन संबंधी लाभ भी शामिल है, के लिए उनकी तब तक की, की गई शासकीय सेवा का हरण माना जाएगा। इसी आदेश में ये भी कहा गया है कि वित्त विभाग ने पूर्व में जारी आदेश में कहा है कि अगर कोई शासकीय सेवक तीन साल से अधिक अवधि से अनुपस्थित है तो उसे नौकरी से बाहर किया जाए। विभागाध्यक्षों से कहा गया है कि वे अपने अधीनस्थ कार्यालयों व कर्मियों को इस आदेश से अवगत कराएं। अगर निर्देश का पालन नहीं किया गया तो कार्यालय प्रमुख की जिम्मेदारी होगी। जो कर्मी 31 मई 2024 से पहले अपने कार्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं, उनके संबंध में समीक्षा कर ली जाए।

खबर संक्षेप

रायपुर-जगदलपुर के लिए यात्री कम, उड़ान स्थगित

रायपुर। रायपुर-जगदलपुर के बीच संचालित होने वाली उड़ानों को पर्याप्त संख्या में यात्री नहीं मिल रहे हैं। इसकी वजह से यहां संचालित अलायंस एयर ने अपनी फ्लाइट को 31 मई तक स्थगित कर दिया है। इस प्लाइट की उड़ान सप्ताह में चार दिन होती थी। इस सेक्टर में इंडिगो भी सप्ताह में चार दिन अपनी फ्लाइट संचालित करती है। इसी तरह केवल रायपुर से दिल्ली के बीच उड़ान का संचालन करने वाली विस्तारा कंपनी अलग-अलग दिन के हिसाब से अपनी प्लाइट को सुबह और शाम के शेड्यूल में संचालित कर रही है। कंपनी की फ्लाइट मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को शाम के शेड्यूल तथा शेष दिनों में सुबह के शेड्यूल में आवाजाही कर रही है।

स्वच्छता दीदी को भी मिले अवकाश, डिप्टी सीएम से मांग

रायपुर। स्वच्छता दीदियों को एक दिन का साप्ताहिक अवकाश प्रदान करने के संबंध में उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ रवि गढ़पाले का कहना है कि छत्तीसगढ़ के संपूर्ण नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायतों में स्वच्छता दीदियों द्वारा डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन एवं स्वच्छता कार्य किया जाता है। विभाग द्वारा इनसे बिना छुट्टी के पूरे 365 दिन कार्य लिया जाता है। इनके लिए किसी भी प्रकार का छुट्टी का कोई प्रावधान नहीं रहता है।

शव रखने डीप फ्रीजर की डिमांड

रायपुर। जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित होने वाली मरच्यूरी में शव रखने डीप फ्रीजर की डिमांड की गई है। खुले में शव रखने से उसके खराब होने की आशंका रहती है और कई बार संवेदनशील मामलों में शवों को लंबे समय तक सुरक्षित रखना जरूरी होता है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। पिछले दिनों कलेक्टर ने पोस्टमार्टम के संबंध में बैठक लेकर व्यवस्था बनाने और ऑनलाइन मॉनिटरिंग के निर्देश दिए थे। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अफसर इसे लेकर गंभीर हो गए हैं। रायपुर जिले में एम्स, आंबेडकर अस्पताल, जिला अस्पताल, धरसींवा, अभनपुर, खरोरा, आरंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पोस्टमार्टम के लिए मरच्यूरी की सुविधा दी जाती है।

पोस्टल बैलेट मतों की गिनती के लिए कुल 10 टेबल लगेंगे हाल में

मतों की गणना 4 जून को, प्रत्येक विधानसभा हाल में लगेंगे 14 टेबल एवं 60 कर्मचारियों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी रायपुर के सेजबहार शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मतगणना को अभी जरूर 18 दिन बचे हैं, लेकिन मतगणना स्थल के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। मतगणना के पहले कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा चुनाव में भी सेजबहार में जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों में पड़े वोटों की गिनती होगी। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा हाल में 14-14 टेबल लगाए जाएंगे, जिसमें मतों की गिनती के लिए लगभग 60 कर्मचारी तैनात रहेंगे। पोस्टल बैलेट मतों की गिनती इस बार एक हाल में होगी, जिसमें कुल 10 टेबल लगाए जाएंगे। इनकी गिनती के लिए भी लगभग 60 कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे ने बताया कि सेजबहार मतगणना स्थल में प्रत्येक विधानसभा हाल में मतों की गिनती के लिए 14 टेबल लगाए जाएंगे। प्रत्येक टेबल पर 3-3 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिसमें सुपरवाइजर एवं दो सहायक कर्मचारी शामिल रहेंगे। इसके अलावा प्रत्येक विधानसभा हाल में रिटर्निंग ऑफिसर भी मौजूद रहेंगे। पोस्टल बैलेट की गिनती हाल में की जाएगी, जिसमें कुल 10 टेबल लगाए जाएंगे। एक टेबल में 4-4 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें सहायक रिटर्निंग अधिकारी, दो सहायक कर्मचारी एवं एक माइक्रो कर्मी मौजूद रहेगा।

ईवीएम मतों की गणना के लिए एक टेबल पर 3 एवं पोस्टल बैलेट के लिए 4 कर्मचारी रहेंगे तैनात

बलौदाबाजार-भाटापारा विधानसभा मतों की मतगणना बलौदाबाजार में

रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बलौदाबाजार-भाटापारा विधानसभा के मतों की गणना कृषि उपमंडी बलौदाबाजार मतगणना स्थल में होगा। इसके लिए भी अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। विदित हो कि रायपुर लोकसभा सीट के लिए इस बार 38 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा है। इन सभी प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला पोस्टल बैलेट के बंद लिफाफों और ईवीएम मशीनों में बंद है जो मतगणना के दिन खुलेंगे। चुनाव में इस बार कुल 66.18 प्रतिशत वोटिंग हुई है।

सुरक्षा का रहेगा पुख्ता इंतजाम, वेबकास्टिंग से भी निगरानी

मतगणना स्थल पर पुख्ता इंतजाम रहेंगे। तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना होगी। केंद्रीय सुरक्षा बल और जिला पुलिस बल सहित एक हजार से ज्यादा जवानों की निगरानी में मतगणना होगी। इसके अलावा वेबकास्टिंग के जरिए भी मतगणना स्थल की निगरानी की जाएगी।

रिजर्व सहित 600 अधिकारी कर्मचारी रहेंगे मौजूद

सेजबहार में होने वाले मतगणना में कुल 600 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इनमें 480 अधिकारी-कर्मचारी पोस्टल बैलेट एवं ईवीएम मतों की गणना करेंगे, वहीं 120 कर्मचारियों को रिजर्व में रखा गया है। ये सभी कर्मचारी भी मतगणना स्थल पर मौजूद रहेंगे, ताकि मतगणना के दौरान किसी कर्मचारी की तबीयत बिगड़ने या अन्य परिस्थिति उत्पन्न होने पर उनकी ड्यूटी लगाई जा सके।

पोस्टल बैलेट मतों की गिनती से होगी शुरुआत

मतगणना की शुरुआत पोस्टल बैलेट के मतों की गिनती से होगी। सुबह 8 बजे पोस्टल बैलेट मतों की गिनती शुरू की जाएगी। गिनती के बाद रिटर्निंग ऑफिसर इसके परिणाम घोषित करेंगे। इसके खत्म होने के आधे घंटे के बाद ईवीएम मशीनों की गिनती शुरू की जाएगी।

तीन बार होगा रेंडमाईजेशन

मतगणना दल की नियुक्ति तीन बार रेंडमाईजेशन के बाद किया जाएगा। पहला रेंडमाईजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में होगा। दूसरा व तीसरा रेंडमाईजेशन ऑब्जर्वर की मौजूदगी में किया जाएगा।

कांग्रेस से भाजपा में आए नेताओं को सैलजा के खिलाफ सिरसा में प्रचार में झोंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश के भाजपा नेता लगातार अब दूसरे राज्यों में प्रचार करने जा रहे हैं। ऐसे में भाजपा ने एक अलग तरह की रणनीति भी बनाने का काम किया है। कांग्रेस से भाजपा में आए 11 नेताओं को भाजपा संगठन ने कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी रहीं कुमारी सैलजा के खिलाफ प्रचार करने के लिए सिरसा भेजा है। भाजपा नेताओं का कहना है, हमारा काम कांग्रेस की पोल खोलना और भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर को जीत दिलाना है। कांग्रेस और उसकी प्रत्याशी ने छत्तीसगढ़ में किस तरह से झूठ बोलने का काम किया है, उसको सिरसा की जनता को बताने का काम करेंगे।

■ 11 नेता पहुंचे सिरसा कहा- कांग्रेस और उसके प्रत्याशी की खोलेंगे पोल और खिलाएंगे कमल

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद यहां पर लगातार कांग्रेस के नेता भाजपा में शामिल हुए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित भाजपा नेता दावा करते हैं कि 20 हजार से ज्यादा कांग्रेस सहित दूसरी पार्टियों के नेता भाजपा में शामिल हुए हैं। अब भाजपा ने कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए नेताओं को कांग्रेस के खिलाफ ही हथियार बनाकर इस्तेमाल करने की बड़ी रणनीति बनाई है।

बताएंगे कांग्रेस का झूठ

राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश भाजपा संगठन ने कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए 11 नेताओं शिशुपाल सोरी, प्रमोद शर्मा, चौलेश्वर चंद्राकर, चंद्रशेखर शुक्ला, अरुण सिंह, आलोक पांडेय, उषा पटेल, वाणी राव, अजय बंसल, अनिता रावटे, तुलसी साहू को शुक्रवार को रायपुर से सिरसा भेजा है। इन नेताओं में शामिल चंद्रशेखर शुक्ला ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा, भाजपा संगठन ने हमें जो काम सौंपा है, हम सब उनको ईमानदारी से करेंगे। हम लोग यहां पर कांग्रेस और उसकी प्रत्याशी की पोल खोलेंगे और यहां की जनता को बताएंगे कि किस तरह से कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में झूठ बोलकर वहां की जनता को ठगने का काम किया है। कांग्रेस का काम ही यही है। कांग्रेस की प्रत्याशी की भी पोल खोलने का हम लोग काम करेंगे। हमारा काम भाजपा के प्रत्याशी को जीत दिलाने का है और वो काम हम करेंगे। हम लोग यहां पर प्रचार थमने तक रहेंगे और भाजपा के प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करेंगे।

पता लगाएंगे कलेक्टर- गरीब बच्चे क्यों छोड़ रहे महंगे स्कूल? प्रबंधन के व्यवहार की भी होगी जांच

आरटीई के अंतर्गत निजी स्कूलों में दाखिला लेने वाले गरीब बच्चे छोड़ रहे हैं पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सभी जिला कलेक्टर को खत लिखकर उन बच्चों की पड़ताल करने कहा गया है, जो आरटीई के अंतर्गत महंगे निजी स्कूलों में दाखिला प्राप्त करने के बाद पढ़ाई छोड़ रहे हैं। जारी दिशा-निर्देश में कहा गया है कि उनके जिले में संचालित सभी प्राचार्य अथवा शाला प्रबंधक की बैठक 10 दिनों के भीतर बुलाई जाए।

इसमें यह समीक्षा की जाएगी कि निजी स्कूलों में प्रारंभिक कक्षाओं में कितने छात्रों ने प्रवेश लिया था तथा उनमें से कितने बच्चों ने पढ़ाई छोड़ दी है। इसके अलावा आरटीई संबंधित अन्य बिंदुओं को गंभीरतापूर्वक लागू करने कहा गया है। गरीब छात्रों द्वारा महंगे निजी स्कूलों में पढ़ाई नियमित रूप से जारी नहीं रखे जाने के कारणों का भी पता लगाने कहा गया है। कलेक्टर से कहा गया है कि वे इस बात की जांच करें कि कहीं छात्रों द्वारा स्कूल छोड़ने का कारण निजी स्कूलों द्वारा लागू की जाने वाली महंगी फीस अथवा यूनिफॉर्म तो नहीं है? इसके अलावा निजी स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्रों के साथ व्यवहार को भी जांचने कहा गया है। इस पहलू पर भी विचार करने कहा गया है कि छात्रों द्वारा स्कूल छोड़े जाने का कारण कहीं उनके साथ हो रहा असमानता का व्यवहार तो नहीं है।

होगी त्रैमासिक बैठक

समीक्षा के लिए त्रैमासिक बैठक ली जाएगी। इसमें स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कहा गया है कि कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिसमें छात्र द्वारा स्कूल छोड़ दिया जाता है, लेकिन विद्यालय उनकी एंट्री स्कूलों में दिखाकर उनके नाम से फीस ले रहे हैं। ऐसे स्कूलों की भी जांच करने कहा गया है। यदि किसी छात्र द्वारा स्कूल छोड़ दिया जाता है तो प्रबंधन को उनकी एंट्री ड्रॉप आउट स्टूडेंट के रूप में करनी होगी। प्रतिवर्ष कम से कम दो बार आरटीई छात्रों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

20 मई से निकलेगी लॉटरी

आरटीई के अंतर्गत पहले चरण की आवेदन प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। पहले चरण की लॉटरी 20 मई से 30 मई तक निकाली जाएगी। इसमें जिन छात्रों के नाम होंगे, उन्हें 1 से 30 जून तक प्रवेश लेना होगा। इसके बाद दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। प्रदेश में 52 हजार 782 सीटों के लिए अब तक 74 हजार 132 आवेदन मिले हैं। स्कूलों के प्रोफाइल अपडेट सहित अन्य प्रक्रिया एक फरवरी से प्रारंभ हो गई थी।

पंजीयन दस्तावेज में संपत्ति का मूल्य हो सही, राजस्व हानि रोकने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

जमीन, मकान, आवासीय या व्यावसायिक संपत्ति के पंजीयन के दौरान संपत्ति का मूल्य कम दिखाने से होने वाली राजस्व की हानि को लेकर सरकार सतर्क हुई है। इस मामले को लेकर वाणिज्यक कर (पंजीयन) विभाग ने प्रदेश के सभी जिला पंजीयकों को निर्देश देकर कहा है कि राजस्व की हानि नहीं होनी चाहिए।

■ प्रदेश के सभी जिला पंजीयकों को भेजा गया पत्र

अचल संपत्ति के कम मूल्यांकन के फलस्वरूप होने वाले राजस्व हानि रोकने सभी जिला पंजीयकों को निर्देश दिए गए हैं। एसीएस मनोज पिंगुवा ने अपने पत्र में कहा है कि भारतीय स्टाम्प अधिनियम की धारा 31. धारा 33 व धारा 47 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर लिखत बाजार मूल्य एवं प्रभार्य स्टांप शुल्क का निर्धारण किया जाता है। इन विधिक प्रावधानों के अंतर्गत बाजार मूल्य या प्रभार्य स्टांप शुल्क के अवधारण के अधिकार इसलिए दिए गए है, ताकि लिखित पर संपत्ति के सही मूल्य नहीं लिखे जाने के फलस्वरूप शासन को हो रही राजस्व हानि का निवारण किया जा सके। भारतीय स्टाम्प अधिनियम एक महत्वपूर्ण कर विधि है तथा स्टाम्प पर अधिनियम के तहत कर निर्धारण अधिकारी के रूप में कलेक्ट कर प्रशासन कराधान विधि में योगदान होता है इस हानि को रोकने नए निर्देश दिए हैं।

गाइडलाइन से कम न हो संपति का मूल्य निर्धारण

निर्देश में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों का बनाया जाना और उनका पुनरीक्षण नियम 2000 के तहत निर्धारित उपबंध एवं गाइडलाइन कीमतों से कम कीमत पर संपति का मूल्यांकन नहीं किया जाए। यदि किसी प्रकरण विशेष में ऐसा प्रतीत होता है कि संपति की कीमत गाइडलाइन दर से भी कम हो सकती है, तो छत्तीसगढ़ बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों का बनाया जाना और उनका पुनरीक्षण नियम 2000 के नियम 11 के तहत साक्ष्यों सहित विभाग अध्यक्ष को प्रस्ताव भेजा जाए एवं अनुमोदन के बाद आगे की कार्यवाही की जाए।

प्रयास आवासीय विद्यालय के बच्चे 10वीं 12वीं में टॉप पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जिलों में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत और अनुशासन से शानदार सफलता मिली है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हाल ही घोषित 10वीं और 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणामों में प्रयास आवासीय विद्यालय के बच्चों को एक बार फिर शानदार सफलता मिली है। प्रयास विद्यालय में 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 99.3 प्रतिशत एवं 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 97.22 प्रतिशत रहा है। इनमें 10वीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत 96.45 एवं 12वीं में 82.02 प्रतिशत रहा है। इस वर्ष का परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में काफी अच्छा है।

प्रमुख सचिव वोरा, सचिव दुग्गा ने दी बधाई

बताया गया है कि गत वर्ष 10वीं में 90.70 प्रतिशत और 12वीं में 79.38 फीसदी रहा था। प्रदेश के प्रयास विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को बेहतर प्रदर्शन के लिए आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा और सचिव नरेन्द्र दुग्गा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

प्रतियोगी परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन

बताया गया है कि विगत वर्षों में प्रयास आवासीय विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अब तक प्रयास आवासीय विद्यालय के 116 विद्यार्थी आईआईटी व समकक्ष में, 328 विद्यार्थी एनआईटी व समकक्ष में, 940 विद्यार्थी इंजीनियरिंग कॉलेज में एवं 52 विद्यार्थी एमबीबीएस में चयनित हुए हैं। इसके अलावा सीए, सीएस, सीएमए में 29 तथा क्लैट में 04 विद्यार्थी को सफलता मिल चुकी है।

10वीं में 7 बच्चों ने बनाया मेरिट में स्थान

आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस वर्ष घोषित परीक्षा परिणामों में प्रयास के 07 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान बनाया है। मेरिट में आने वाले छात्र-छात्रों में प्रयास आवासीय विद्यालय, कांकेर के 04 विद्यार्थी- श्री मयंक कोर्राम, कुमारी पायल अधिकारी, कुमारी वर्षा साहू और कुमारी मल्लिका मरकाम शामिल हैं।

रेफरी के रूप में एक पूर्व जज को रखा जाएगा

तेलंगाना पर बकाया 15 से हो गया 17 सौ करोड़ वसूलने अब आर्बिट्रेटर नियुक्त करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के तेलंगाना पॉवर कंपनी पर बकाया 15 सौ करोड़ का मामला अब तक सुलझ नहीं सका है और यह बकाया 15 सौ करोड़ से बढ़कर सरचार्ज के कारण करीब 17 सौ करोड़ हो गया है। बकाया वसूली के लिए सारे प्रयासों के बाद अब बीच का रास्ता निकालते हुए नियमों के मुताबिक दोनों कंपनियों की तरफ से एक-एक आर्बिट्रेटर नियुक्त करने की तैयारी है। साथ ही एक बीच का आदमी, जो कि कोई पूर्व जज होगा, उनको रेफरी की तरह नियुक्त किया जाएगा। इसके बाद सारा लेखा-जोखा देखते हुए फैसला होगा। ऐसा कहा जा रहा है, यह फैसला दोनों कंपनियों को मान्य होगा। तेलंगाना पर कई सालों से 36 सौ करोड़ का बकाया है। पहले तेलंगाना ने इस बकाया में से 15 सौ करोड़ का ही बकाया माना, लेकिन बाद में तेलंगाना ने छह सौ करोड़ का और बकाया मान लिया। ऐसे में 21 सौ करोड़ का बकाया तो मान लिया गया, लेकिन 15 सौ करोड़ के बकाया पर पेंच फंसा रहा। बीते साल एक बार फिर से तेलंगाना बिजली कंपनी ने छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठकर आमने-सामने बात की तो 15 सौ करोड़ के और बकाया में से 13 सौ करोड़ का बकाया माना गया है। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य कंपनी तो तैयार हो गई, लेकिन तेलंगाना ने इसके बाद भी कोई जवाब नहीं दिया। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक लंबा समय होने के कारण सरचार्ज के कारण बकाया अब 15 से बढ़कर करीब 17 सौ करोड़ हो गया है।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय लगा चुका है फटकार

इस मामले में लगातार प्रयास के बाद भी काम न बनने पर छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इस मामले में केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय में अपने बकाया का दावा किया तो इसके बाद केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने तेलंगाना कंपनी के अधिकारियों को बुलाकर फटकार लगाते हुए मामले को सुलझाने के लिए कहा। इसी के साथ कहा गया, अगर मामला नहीं सुलझा तो बकाया प्राप्ति पोर्टल पर अपलोड कर दी जाएगी। ऐसा होने पर पूरा बकाया देना ही पड़ेगा।

बिजली देना बंद

36 सौ करोड़ में से जो 21 सौ करोड़ का बकाया माना गया है, उसका पैसा किस्तों में आ रहा है, लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने अब तेलंगाना को बिजली देना बंद कर दिया है। वैसे तेलंगाना की कंपनी वापस बिजली लेना चाह रही है, लेकिन 17 सौ करोड़ बकाया का पेंच न सुलझने के कारण छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी वापस बिजली देने तैयार नहीं है। बकाया का मामला सुलझने के बाद कुछ शर्तों के साथ वापस बिजली देने का फैसला हो सकता है।

दान में मिली त्वचा से सुधर रहा बिगड़ा चेहरा, चपटी नाक भी हो गई सुंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मृत्यु की बाद दान में दी गई त्वचा की मदद से कई मरीजों का बिगड़ा चेहरा अब सुधरने लगा है। पिछले दिनों डीके अस्पताल में एक युवती की चपटी नाक को कास्मेटिक सर्जरी की मदद से सुंदर बनाया गया था। स्किन बैंक में सुरक्षित रखी गई त्वचा के उपयोग से अब तक दर्जनभर मरीजों का इलाज किया जा चुका है।

राज्य में अभी दो अस्पतालों में स्किन बैंक की सुविधा है। इनमें एक निजी सेक्टर तथा दूसरा शासकीय डीके अस्पताल में मौजूद है। ब्रेनडेड मरीजों के अलावा अन्य मरीजों की मृत्यु के बाद रिश्तेदार उनकी त्वचा का दान इस स्किन बैंक में कर रहे हैं, जो दूसरे मरीजों की तकलीफ कम करने के काम में आ रहा है। जानकारी के अनुसार बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में आने वाले मरीजों को आवश्यकता के अनुसार कास्मेटिक सर्जरी का लाभ भी मिलने लगा है। कुछ समय पहले अस्पताल में एक युवती की नाक की सर्जरी कर उसे सुंदर बनाया गया है। युवती अपनी चपटी नाक की परेशानी लेकर वहां के चिकित्सकों के पास पहुंची थी, जिसकी सर्जरी की गई थी। इसके अलावा डीके अस्पताल के इस विभाग में दर्जनभर अन्य मरीजों के शरीर का घाव भरने के लिए दान में मिली त्वचा का उपयोग किया गया है। जानकारी के अनुसार स्किन बैंक में अब तक आठ से अधिक परिवार ने अपने सगे-संबंधी की मृत्यु के बाद उनकी त्वचा दान में दिया था।

स्किन बैंक की मदद से दर्जनभर मरीजों की हो चुकी कास्मेटिक सर्जरी

त्वचा रोगियों को छोड़ सबका दान

चिकित्सकों के अनुसार त्वचा का दान सामान्य मृत्यु के बाद भी किया जा सकता है। केवल त्वचा अथवा किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों की त्वचा दान में नहीं ली जाती। इसके लिए डीके अस्पताल के स्किन बैक अथवा राज्य अंग एवं उतक प्रत्यारोपण संगठन के दफ्तर में संपर्क कर इस प्रक्रिया को पूरी की जा सकती है। दान में मिली त्वचा को एक निर्धारित तापमान में स्किन बैंक में दस साल भी सुरक्षित रखा जा सकता है।

आवश्यकता पर उपयोग

स्किन बैंक में दान में मिली त्वचा को सुरक्षित रखा जाता है। बर्न एवं प्लास्टिक विभाग में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की सर्जरी में आवश्यकता अनुसार इसका उपयोग किया जाता है।

- डॉ. हेमंत शर्मा, उपअधीक्षक, डीके अस्पताल

खबर संक्षेप

अटल मॉनिटरिंग पोर्टल से निगरानी में होगी आसानी

रायपुर। अटल मॉनिटरिंग पोर्टल (सीएम डैशबोर्ड) के विकास एवं क्रियान्वयन के लिए शुक्रवार को मंत्रालय महानदी भवन में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एक दिवसीय डिजाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राज्य शासन के सभी विभागों के सचिव स्तरीय अधिकारियों, विभागीय नोडल अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ को अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से प्रदेश में क्रियान्वित सभी केंद्रीय योजनाओं, राज्य योजनाओं, जनहित में लिए गए प्रमुख निर्णयों, दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन की समीक्षा मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जाएगी। कार्यशाला में ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन डॉ. आंद्रे नोगवीरा और उनकी टीम ने पोर्टल के विकास संबंधी तकनीकी विषयों की जानकारी दी।

मच्छर नियंत्रण के लिए एंटी लार्वा, फॉगिंग

रायपुर। शहर में मच्छरों से राहत दिलाने के लिए नगर निगम द्वारा मच्छर नियंत्रण के लिए एंटी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग कराई जा रही है। इसके तहत शुक्रवार को उषा प्राइड के सामने के क्षेत्र की बस्ती में श्रीराम मंदिर मौलश्री विहार क्षेत्र, स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड, मिनीमाता गुढ़ियारी, खालबाड़ा, सोलापुरी माता मंदिर संन्यासीपारा क्षेत्र वार्ड क्रमांक 7 एवं 48 के क्षेत्र, जोन 2 के वार्ड क्रमांक 26 के कुकरी तालाब क्षेत्र के आसपास सहित विभिन्न बस्तियों, मार्गों, स्थानों में एंटी लार्वा ट्रीटमेंट एवं फॉगिंग का कार्य किया गया। इस दौरान अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कालीमाता वार्ड के खपराभट्ठी क्षेत्र में मच्छरों पर नियंत्रण के लिए चलाए गए फॉगिंग अभियान का निरीक्षण किया।

एवीवाय के ठेकेदार पर 10 हजार जुर्माना

रायपुर। नगर निगम को शिकायत मिली थी कि वार्ड क्रमांक 30 के शंकर नगर में हाउसिंग बोर्ड कांप्लेक्स में सी एंड सी वेस्ट डंप पड़ा हुआ है। इस शिकायत पर निगम की स्वास्थ्य विभाग के जोन स्वास्थ्य अधिकारी उमेश नामदेव, स्वच्छता निरीक्षक अब्दुल नफीस की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। विभाग की टीम को मौके पर सी एंड सी वेस्ट डंप मिला। शिकायत सही पाए जाने पर इस मामले में संबंधित ठेकेदार एजेंसी एवीवाय इंफ्रास्ट्रक्चर के ठेकेदार पर 10 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया, साथ ही डंप वेस्ट को वहां से हटाने के निर्देश दिए।

क्रिप्टो में हर माह 10 प्रतिशत मुनाफा का झांसा देकर 30 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

क्रिप्टो से लेकर टास्क पूरा करने के नाम पर एक सप्ताह के भीतर साढ़े तीन करोड़ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

क्रिप्टो करंसी सहित टास्क पूरा करने का झांसा देकर एक सप्ताह के भीतर राजधानी के सेजबहार, टिकरापारा तथा पंडरी थाना क्षेत्र में साढ़े तीन करोड़ रुपए ठगी करने की घटनाएं सामने आई हैं। क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर 10 प्रतिशत हर माह मुनाफा देने का झांसा देकर होटल कारोबारी से 30 लाख रुपए की ठगी करने के एक आरोपी को पुलिस ने ओडिशा से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। ठगी की घटना में शामिल अन्य तीन आरोपियों की पुलिस जल्द ही पतासाजी कर गिरफ्तार करने की बात कह रही है।

पुलिस के मुताबिक पेशे से होटल कारोबारी सुशांत कुमार से ठगी करने के आरोप में ओडिशा, काटाभांजी निवासी अमित कुमार थापा को ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सुशांत ने पुलिस को बताया है कि परिचित के माध्यम से उनका ओडिशा में अमित से परिचय हुआ। सुशांत का अमित के साथ जब परिचय हुआ तो अमित के साथ उसके अन्य जालसाज साथी भी उपस्थित थे। बातचीत में अमित ने सुशांत को बताया कि वह और उसके साथी एमबीई कामर्स प्रायवेट लिमिटेड नाम से कंपनी चलाते हैं।

सोशल मीडिया में सेलिब्रिटी की एआई तकनीक से वीडियो बनाकर लोगों को झांसे में लेने की कोशिश

कंपनी में जुड़ने पर 10 प्रतिशत कमीशन की गारंटी

बातचीत के दौरान अमित ने सुशांत को अपनी कथित कंपनी का रजिस्ट्रेशन नंबर सहित अन्य दस्तावेज दिखाते हुए बताया कि उनकी कंपनी क्रिप्टो करेंसी लेन-देन करने का काम करती है। इससे उसकी कंपनी का हर वर्ष ग्रोथ रेट दोगुना से ज्यादा होने का झांसा दिया। अमित ने सुशांत को अपनी कंपनी में क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने पर हर माह 10 प्रतिशत तक मुनाफा देने का झांसा देकर उससे कैश के साथ बैंक अकाउंट के माध्यम से 30 लाख रुपए अलग-अलग अकाउंट में ट्रांसफर कराया।

रकम वापस मांगने पर दिखाए सब्ज बाग

पुलिस के अनुसार रकम निवेश करने पर जालसाजों ने शुरुआती दौर में सुशांत को उनके द्वारा लगाई गई रकम में रिटर्न भी दिया। इसके बाद रिटर्न देना बंद कर दिया। रिटर्न नहीं मिलने पर सुशांत से अमित से पैसों की मांग की, तो अमित ने सुशांत को उनका पैसा सुरक्षित होने का झांसा देकर क्रिप्टो में मुनाफा की रकम में वृद्धि होने का सब्ज बाग दिखाया।

पैसे देने से बचने कहा- कंपनी किसी अन्य ने टेकओवर कर ली

पुलिस के अनुसार ठगी की घटना दो वर्ष पूर्व की है। लंबे अरसे से क्रिप्टो में निवेश राशि से पैसा नहीं मिलने पर सुशांत ने अमित से अपने पैसों की मांग की तो अमित ने सुशांत को कहा कि कंपनी किसी दूसरे ने टेकओवर कर लिया है, स्थिति सामान्य होने के बाद अमित ने सुशांत को रकम लौटाने का झांसा दिया। इसके बाद सुशांत को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली।

शेयर मार्केट, टास्क पूरा करने के नाम पर ठगी

पंडरी तथा टिकरापारा थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क कर एक डॉक्टर से दो करोड़ 92 लाख तथा एक युवती से टास्क पूरा करने के नाम पर जालसाजों ने साढ़े आठ लाख रुपए ठगी का शिकार बनाया है। डॉक्टर सुनील कुमार देवांगन ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह शेयर बाजार का काम करता है। फेसबुक में विज्ञापन देखकर डॉक्टर एक शेयर एप डाउनलोड कर ठगी का शिकार हुआ। इसी तरह पिंकी साहू अज्ञात कॉल पर विश्वास कर टास्क पूरा करने के नाम पर ठगी का शिकार हुई है।

एआई से सेलिब्रिटी का वीडियो बनाकर ठगा

पिछले कई महीनों से एआई के माध्यम से न्यूज चैनलों का फर्जी लोगो लगाकर सेलिब्रिटी का वीडियो अपलोड कर एआई के माध्यम से शेयर बाजार तथा अन्य कारोबार का एप डाउनलोड करने जालसाज, यूजर को प्रेरित कर रहे हैं। पंडरी थाना क्षेत्र में डॉक्टर के साथ ठगी की घटना एआई के माध्यम से किए जाने की बात जानकार कह रहे हैं।

निगम ने चलाया अभियान

दुकानों के सामने लगे डमी पुतले विज्ञापन बोर्ड, स्टैंड व कैरेट जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ी हुई है, जिसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

ट्रैफिक जाम का बड़ी वजह सड़कों के किनारे अवैध रूप से लगे ठेले-गुमटियों के अलावा दुकानों के बाहर लगे विज्ञापन बोर्ड, डमी पुतले, स्टैंड व कैरेट जैसे कई समान है। इनके कारण सड़कों पर गाड़ियों के आवागमन के लिए जगह कम मिल पाती है, जिससे जाम की स्थिति बनते रहती है। नगर निगम प्रशासन ने लोगों को जाम से राहत दिलाने के लिए शुक्रवार को शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर अभियान चलाते हुए दुकान संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए समान जब्ती की कार्रवाई है। इस दौरान कुछ ठेले भी जब्त किए गए।

पुलिस टीम की मौजूदगी में कार्रवाई

नगर निगम की टीम ने पुरानी बस्ती से लाखे नगर चौक मुख्य मार्ग, जी.ई. रोड में आमापारा चौक से अनुपम गार्डन मार्ग के दोनों ओर कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने रेडीमेड वस्त्रों की दुकानों के बाहर फुटपाथ पर लगे 35 डमी पुतले, 100 कैरेट, 20 स्टैंड, 60 विज्ञापन बोर्ड, 12 गद्दे, 8 कुर्सी, 5 ठेले जब्त किए। इस कार्रवाई के दौरान टीम को कई जगहों पर दुकान संचालकों के विरोध का भी सामना करना पड़ा। निगम टीम के साथ पुलिस की टीम भी मौजूद रही। इस कारण दुकानदार निगम की कार्रवाई में ज्यादा देर तक बाधा उत्पन्न नहीं कर पाये।

राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सत्र का हुआ समापन, अफसरों को दिए निर्देश

रायपुर। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी में संभाग और जिले के अधिकारियों के 5 दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सत्र समापन अवसर पर कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग में प्रशासनिक कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए संभाग और जिले के अधिकारियों का प्रशिक्षण आवश्यक है। संचालक लोक शिक्षण दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का उपयोग बेहतर तरीके से करेंगे। अब शत प्रतिशत योजनाओं को गति देने में आसानी होगी संभाग और जिले के शिक्षा अधिकारियों 5 दिन में रिफ्रेश होकर नई ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे। प्रशासन अकादमी के डायरेक्टर टीसी महावर ने कहा कि विभाग की आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से अनुशासन में रहकर नियमों का पालन किए जाने की अपेक्षा करते हुए कार्यालय की प्रबंधन क्षमता और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने का सुझाव दिया। समारोह के प्रारंभ में संकाय सदस्य डॉ अभिषेक दुबे ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण के विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग की उपसचिव इफ्फत आरा, अतिरिक्त संचालक डॉ. योगेश शिवहरे, उप संचालक आशुतोष चावरे, अशोक नारायण बंजारे, प्रशांत पांडेय, अकादमी के कोर्स डायरेक्टर अभिषेक दुबे, डॉ. सीमा सिंह और नोडल प्रभारी डी. दर्शन भी उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन उप संचालक श्री आशुतोष चावरे ने किया।

सोना फिर 76 हजार पार चांदी पहली बार 91 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सोने और चांदी की कीमत को फिर से पर लग गए हैं। सोना एक बार फिर से 18 अप्रैल के बाद 76 हजार के पार होकर राजधानी रायपुर में जीएसटी के साथ 76200 रुपए हो गया है। चांदी की कीमत पहली बार 91 हजार के पार होकर 91100 रुपए किलो हो गई है। यह इतिहास में सबसे ज्यादा कीमत है।

सोने की कीमत में अप्रैल में रिकॉर्ड तेजी के बाद इस माह कीमत में कमी होती गई। लेकिन एक बार से कीमत लगातार बढ़ रही है। सोने और चांदी के भाव में दो दिन में सोना 1100 प्रति 10 ग्राम एवं चांदी 4300 प्रति किलोग्राम की बढ़ी है। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने बताया, सोने-चांदी के भाव की वृद्धि का मुख्य कारण अमेरिका का अप्रैल माह का जो डाटा आया है उसमें मुद्रास्फीति कम होने से आगामी तिमाही में फेडरल बैंक ब्याज दर कम होने की संभावना बढ़ गई है। ऐसे में सोने की कीमतों में तेजी आ रही है। निवेदक एवं स्टॉकिस्ट सोने और चांदी में निवेश करके मुनाफा कमान चाह रहे हैं। इसी के साथ चांदी का जहां तक सवाल है तो सोलर प्लांट में चांदी की खपत लगातार बढ़ती जा रही है, इससे चांदी की कीमतों में भी आगे बढ़ोतरी की संभावना है।

10 एकड़ भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर मकानों का कराया जा रहा था निर्माण, निगम ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में अवैध प्लाटिंग के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। बोरियाखुर्द क्षेत्र के ग्राम कांदुल रोड के पास भी एक मामला सामने आया है, जहां 10 एकड़ निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग करा कर वहां मकानों का निर्माण कराया जा रहा था। इसकी शिकायत पर नगर निवेश की टीम ने शुक्रवार को इस काम पर रोक लगाते हुए इस प्लाट पर बनाई गई मुरुम रोड और डीपीसी को हटाने की कार्रवाई की।

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने जिले में अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के इस निर्देश के बाद नगर निगम के पास अवैध प्लाटिंग की लगातार शिकायतें आ रही हैं। इन शिकायतों पर नगर निगम का निवेश विभाग कार्रवाई भी कर रहा है। इसी कड़ी में बोरियाखुद में ग्राम कांदुल रोड के पास लगभग 10 एकड़ निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर मकानों का निर्माण किया जा रहा है, इसकी शिकायत निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के पास आई थी। इस शिकायत पर आयुक्त ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए। टीम जब मौके पर पहुंची, तो वहां मुरुम रोड बनाने के साथ मकानों के निर्माण के लिए डीपीसी का काम तक हो चुका था। टीम ने अवैध मुरुम रोड को थ्रीडी से काटा और डीपीसी को हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान नींव को भी थ्रीडी से तोड़कर वहां पहुंचने वाले मार्ग को बाधित किया।

नगर निवेश विभाग की कार्रवाई

गोगांव क्षेत्र में 3 एकड़ भूमि पर अवैध प्लाटिंग पर लगाई रोक

जोन 1 के अंतर्गत संत कबीर दास वार्ड क्रमांक 3 के गोगांव क्षेत्र में काला मैदान में लगभग 2 एकड़ तथा बंधवा तालाब के पास लगभग 1 एकड़ निजी भूमि पर भी अवैध प्लाटिंग कर यहां मुरुम रोड का निर्माण किया गया था। निगम टीम ने यहां भी प्लाटिंग पर रोक लगाने की कार्रवाई की।

एफआईआर होगी दर्ज

अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत थानों में नामजद एफआईआर दर्ज की जाएगी। निगम के अधिकारी अवैध प्लाटिंग मामले में निजी भूमि के मालिकों का पता लगा रहे हैं। इसके बाद उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

पेज 9 के शेष

आरोपियों को तत्काल ...

आक्रोश थाना प्रभारी के साथ जिला कलेक्टर एवं जिला के शासन प्रशासन पर रहा। लगातार मुर्दाबाद के नारे लगाए और जब तक आरोपियों का पता नहीं चलता लगातार आन्दोलन करते रहने की बात समाज ने कही है।

ग्रामीष्मकालीन शिविर में...

बलौदाबाजार जिला वालीबाल संघ के उपाध्यक्ष वीरेंद्र पटेल ने बताया कि कर्तव्य स्थल नवापारा और ग्राम कुथरौद मे दो अलग–अलग स्थानों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम कुथरौद मे निर्मित वॉलीबॉल के मिनी स्टेडियम के शाम 5:30 से 8:00 तक के सेशन में लगभग 20 बालक आते हैं। उन्होंने बताया कि खेल के साथ–साथ बच्चों में अनुशासन, संस्कार, बुद्धि–लब्धि, मनोविज्ञान, आत्मविश्वास और विशेष रूप से मोबाइल छोड़ें मैदान से जुडे आदि विषयों पर ज्यादा फोकस किया जा रहा है। इस शिविर से बेहतर खिलाड़ी बनने के लिए प्राचार्य गणेशाराम घीतकर, शिक्षक सत्येंद्र चौबे, उत्तम साहू, महेश शुक्ला, ठाकुर राम साहू, अजय वर्मा, दाऊराम साहू, दिलीप सिन्हा, नरेश साहू, सभी शिक्षिकाओं व समस्त ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं दी है।

सेन जयंती समारोह, बाजे-गाजे के साथ निकाली शोभायात्रा

रायपुर। कनौजिया सेन समाज, युवा मंडल सेवा समिति रायपुर ने सेन जयंती समारोह का आयोजन मायाराम सुरजन हॉल राजबंधा मैदान में किया। कार्यकारिणी सदस्य रवि सेन ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि अजय श्रीवास की अध्यक्षता में कार्यक्रम शुरू हुआ। सर्वप्रथम संत शिरोमणि सेनजी महाराज की कलश शोभायात्रा में कनौजिया सेन समाज से बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित होकर गाजे-बाजे के साथ निकले, शहरभर भ्रमण करते हुए वापस समारोह स्थल पर शोभायात्रा का समापन किया गया। अतिथियों द्वारा सेनजी महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर पूजन किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में समाज के प्रतिभावान बच्चों द्वारा नृत्य एवं गायन की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि रिकेश सेन विधायक वैशाली नगर द्वारा अपने उद्बोधन में सेन समाज के भवन निर्माण के लिए 10 लाख की सहायता राशि की घोषणा की गई। विशिष्ट अतिथि गंगाराम सेन केन्द्रीय अध्यक्ष, प्रहलाद सेन पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष, भूपेंद्र शंकर सेन, रूपेश ठाकुर, हरिश्चंद्र सेन आदि ने अपने उद्बोधन में समाजजनों को एक धागे में पिरोकर समाज को उन्नति के पथ पर ले जाने पर जोर दिया गया।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

खबर संक्षेप

सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रकम की चोरी

महासमुंद। कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम धौराभांठा कोसमर्रा से सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रकम को किसी अज्ञात शक्स ने चोरी करने की घटना को अंजाम दिया है। प्राथी उमेन्द्र साहू पिता धनसिंह साहू ने थाने में शिकायत दर्ज कराया है कि घर अंदर प्रवेश कर रखे सोने चांदी के जेवर जुमला किमती 77 हजार रुपए एवं नगदी रकम 10 हजार कुल जुमला किमती 87 हजार रुपए को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया है। पुलिस ने शिकायत पर से अज्ञात चोर पर धारा 454, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है।

अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई, दो गिरफ्तार

महासमुंद। अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अलग-अलग जगहों से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में बसना पुलिस ने ग्राम जबलपुर के घर बाड़ी में रखे अवैध 3 हजार एम एल महुआ शराब कीमती 600 रूपए के साथ सोनु सिदार पिता धनसाय 19 साल को पकड़ा है। वहीं दूसरे मामले में कोतवाली पुलिस ने अपने दुकान में कल्याणी मारकंण्डे पति सत्यनारायण मारकंण्डे 33 साल ग्राम मचेवा निवासी को शराब बिक्री करने वास्ते रखे 12 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1080 रुपए एवं बिक्री रकम 210 रूपए को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों पर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट से अपराध कायम कर कार्रवाई की है।

विभिन्न गतिविधियां सिख रहे बच्चे

महासमुंद। स्थानीय पीएमश्री बृजराज द्वारा समर कैंप का आयोजन सेजेस हिंदी माध्यम आदर्श स्कूल हाल में किया जा रहा है। यह कैंप सवेरे 7 बजे से 11:30 बजे तक एवं शाम को 5 बजे से 6 बजे तक आयोजित हो रहा है। समर कैंप में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जैसे ड्राइंग, पेंटिंग, हिंदी कहानी कविता, नाटक, योग नृत्य संगीत क्राफ्ट पेपर, क्ले आर्ट आदि उनके विषय विशेषज्ञों के द्वारा गतिविधियां कराया जा रहा है। इस समर कैंप में बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। लगभग 100 से 150 बच्चे पीएमश्री बृजराज एवं सेजेस आदर्श स्कूल के अलावा शहर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी उत्साह के साथ विभिन्न नए गतिविधियां सीख रहे हैं।

बौद्ध पूर्णिमा पर गृहे-गृहे यज्ञ 23 को

महासमुंद। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पूरे देश में 23 मई बौद्ध पूर्णिमा पर सभी घरों में गृहे-गृहे यज्ञ किया जाएगा। महासमुंद जिले के सभी ग्रामीणों एवं नगरवासियों से 23 तारीख को अपने-अपने घरों में अपने परिवार की सुख, शांति तथा राष्ट्र की उन्नति, समृद्धि एवं स्नेह सौहार्द की वृद्धि के लिए स्वयं यज्ञ करने का अनुरोध किया है। यज्ञ के लिए पत्रक एवं हवन, पूजन सामग्री गायत्री शक्तिपीठ बरोंडा चौक में उपलब्ध है।

प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन 25 से

महासमुंद। योग नेचुरोपैथी वेलनेस सेन्टर बिलासपुर एवं पतंजलि चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में 25 से 31 मई तक प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन देव संस्कृति विद्यालय बरोण्डा चौक में किया गया है।

सम्मान : जिला बलौदाबाजार के ब्यूरो प्रमुख पुरुषोत्तम नथानी को किया गया सम्मानित

हम सब की पहचान एक सशक्त, निषपक्ष और निडर पत्रकार के रूप में बने : प्रधान संपादक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

हरिभूमि आईएनएच परिवार की शुक्रवार को आयोजित अनुवल मीट में हरिभूमि रायपुर संस्करण के सभी ब्युरो तथा संवादाता के साथ आईएनएच से छत्तीसगढ़ प्रदेश में कार्यरत प्रतिनिधि शामिल थे। इस अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में आ रहे बदलाव के तथा भविष्य में समूह की बेहतरी और बेहतर पत्रकारिता के लिए मंथन और विचार विमर्श किया गया। बैठक में हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में आने वाले बदलाव व महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराते हुए कहा कि हम सब जन–जन के लिए संघर्ष करते है जनता की आवाज बनते है मैं चाहता हूं कि हम सब की पहचान एक सशक्त, निषपक्ष और निडर पत्रकार के रुप में बने। बैठक के दौरान उत्कृष्ठ कार्य करने वाले हरिभूमि आईएनएच परिवार के सदस्यों का सम्मान करने के दौरान मार्केटिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए हरिभूमि जिला बलौदाबाजार के ब्युरो प्रमुख पुरूषोत्तम नथानी को सम्मानित किया गया।

प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी के साथ जिला बलौदाबाजार के हरिभूमि आईएनएच परिवार के सदस्यगण ।

प्रधान संपादक डॉक्टर हिमांशु द्विवेदी, महाप्रबंधक अनिल गहलावत, समंवय संपादक ब्रहमवीर सिंह से पुरस्कार का प्राप्त करते ब्यूरो प्रमुख पुरुषोत्तम नथानी।

महाप्रबंधक अनिल गहलावत, मार्केटिंग विभाग के एजीएम प्रशांत तिवारी, प्रसार विभाग के एजीएम अंनतराम साहू के साथ चर्चा करते हुए जिला बलौदाबाजार के हरिभूमि परिवार के सदस्य ।

ब्लड प्रेशर से बचने संतुलित पोषण आहार का करें सेवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

■ मेजर योर ब्लड प्रेशर एक्युरेटली कंट्रोल ईट लाइव लांगर थीम के साथ मनाया विश्व रक्तचाप दिवस

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अवधेश पाणिग्राही के मार्गदर्शन में जिले भर में विश्व रक्तचाप दिवस "मेजर योर ब्लड प्रेशर एक्युरेटली, कंट्रोल ईट, लाइव लांगर" थीम के साथ मनाया गया। जिले के स्वास्थ्य अमला के अधिकारी कर्मचारियों विशेष कर मैदानी क्षेत्रों में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों के माध्यम से रक्तचाप जांच कर लोगों को उपचार देते एवं अच्छे जीवन शैली के लिए जागरूक करते नजर आए। मैदानी क्षेत्रों में विश्व रक्तचाप दिवस का प्रभावी क्रियान्वयन हो इसके मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों और सेक्टर प्रभारी अधिकारियों को भी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। डॉ. अवधेश पाणिग्राही ने बताया रक्तचाप से बचने के लिए संतुलित पोषण आहार का सेवन करें, वजन नियंत्रित रखें, शराब एवं धूम्रपान के प्रयोग से बचें, नमक का कम से कम सेवन करें एवं नियमित रूप से शारीरिक गतिविधियां करते हुए तनाव मुक्त जीवन यापन करें। जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में रक्तचाप की नियमित जांच की जाती है और निःशुल्क उपचार की व्यवस्था भी सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में उपलब्ध है, जहां लोगों को विशेषकर 30 वर्ष से अधिक आयु वालों को नियमित रूप से रक्तचाप जांच कराते रहना चाहिए।

लोक दर्शन अमर श्रीवास भिलाई की प्रस्तुति आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

■ स्वर्गीय गणेशाराम सेन की स्मृति में छत्तीसगढ़ी लोककला एवं साहित्य प्रेमी जनों को समर्पित

नगर के साथ पूरे प्रदेश की पहचान लोकोत्सव 8, 19 एवं 20 मई से प्रारंभ हो रहा है। छत्तीसगढ़ी लोककला उन्नयन मंच द्वारा आयोजित होने वाला यह 33वां वर्ष है जो मंच के कार्यक्रम प्रभारी स्वर्गीय गणेशाराम सेन की स्मृति में छत्तीसगढ़ी लोककला एवं साहित्य प्रेमी जनों को समर्पित है। तत्कालीन विधायक नरेंद्र शर्मा, नगर के कला प्रेमी स्व. डॉ. जितेंद्र आडील, लोक कला के मर्मज्ञ जीडी मानिकपुरी अधिवक्ता, लोक कला को समर्पित रमेश यदु, अंचल के वरिष्ठ साहित्यकार बलदेव भारती, लोक संस्कृति, साहित्य एवं कला के जानकार रघुनाथ प्रसाद पटेल, स्व. गणेश राम सेन तथा सहयोगियों की एक अनूठी परिकल्पना जो जनवरी 1992 से प्रारंभ हुई आज पर्यंत जारी है। दिनांक 18 मई को दोपहर 2:00 बजे सुभाष बाजार स्थित पेंशनर भवन में साहित्यिक गोष्ठी, रात्रि 9:00 बजे लोकोंत्सव मैदान के मंच से लोक कला मंच मनभंवरा लाल जी श्रीवास बिलासपुर, 19 मई को लोक दर्शन अमर श्रीवास भिलाई तथा 20 मई को सुरसुधा पंडित शिवकुमार तिवारी देव कीरारी एवं लोकप्रयाग राजेश साहू राजिम की प्रस्तुतियां होगी। जनप्रतिनिधियों में तत्कालीन मुख्यमंत्री पंडित श्यामा चरण शुक्ला, स्वर्गीय चंदूलाल चंद्राकर, वर्तमान राज्यपाल रमेश बैस, सांसद संत कवि स्वर्गीय पवन दीवान, सत्यनारायण शर्मा, चरण दास महंत, तरुण चटर्जी ,पूर्व सांसद चंद्रशेखर साहू आदि की उपस्थिति रही। साहित्यकारों में सर्वश्री पंडित श्यामलाल चतुर्वेदी ,स्व. डॉक्टर विमल पाठक ,डॉ विनय कुमार पाठक, सत्यभामा आडिल, स्वर्गीय लक्ष्मण मस्तुरिया ,स्वर्गीय दानेश्वर शर्मा, डॉक्टर हरि ठाकुर, डॉक्टर पालेश्वर शर्मा ,स्वर्गीय विश्वेंद्र ठाकुर, मुकुंद कौशल, पंडित शीतल प्रसाद शर्मा, बलदेव भारती, संतराम साहू, अजय अमृतांशु। लोक कलाकारों में पद्मश्री तीजन बाई, ममता चंद्राकर अनुज शर्मा, पंडित शिवकुमार तिवारी, रजनी रजत, विष्णु कश्यप , खुमान लाल साव, रेखा जल छत्री, पूनम तिवारी सीमा कौशिक। उद्घोषकों में स्व. बरसाती भैया केसरी प्रसाद वाजपेई, का जीवन पर्यंत सहयोग मिला। साथ में स्वर्गीय जेपी साहू, रजनी रजक, रघुनाथ प्रसाद पटेल ,सुमन शर्मा एवं वीणा साहू का अमूल्य सहयोग, मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। इतने बड़े आयोजन के लिए विभिन्न समितियां हैं जो पूरी मुस्तैदी से कार्यों का संपादन करती हैं। छत्तीसगढ़ी लोककला मंच के गठन का मूल उद्देश्य छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को अमिट बनाए रखने हेतु प्रदेश के लोक कलाकारों की प्रतिभा को जनमानस के बीच प्रस्तुत कराना ताकि उन्हें समाज से यथोचित सम्मान प्राप्त हो सके। मंच लोक कला एवं लोक संस्कृति के उन्नयन के लिए कृत संकल्पित है। यह मंच छत्तीसगढ़ की संस्कृति में फूहड़ता और अश्लीलता को हमेशा ही नकारा है। 33वें वर्ष में छत्तीसगढ़ी लोककला उन्नयन मंच भाटापारा कामना करता है कि आप सभी कला एवं साहित्य प्रेमी जनों का सहयोग, आशीर्वाद एवं स्नेह पल-पल इस मंच को मिलता रहे।

33 वर्षों से लोकोत्सव निरंतर हो रहा है

प्रतिवर्ष अनुसार मंच से विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त विभूतियों का सम्मान भी किया जाएगा। इन 33 वर्षों में लोकोत्सव भाटापारा की अविरल धारा निरंतर जन सहयोग से प्रवाहित हो रही है। लोक कलाकारों, दर्शकों एवं कला प्रेमी जनों का सहयोग तथा छत्तीसगढ़ की विभूतियों का आशीर्वाद ही इसकी सफलता के मूल कारक हैं। अब तक इस लोक उत्सव में छत्तीसगढ़ के विशिष्ट जनप्रतिनिधियों, साहित्यकारों एवं लोक कलाकारों की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही है।

प्रदेश में भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही की सराहना

महासमुंद। पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्यवाही कर घूसखोरों को पकड़ने की कार्यवाही का पुरजोर समर्थन करते हुए इसे भाजपा की विष्णुदेव सरकार का जनहित कदम बताया है, जो कांग्रेस सरकार के समय का था। जिसे अनेक प्रशासनिक अधिकारी बढ़ावा दे रहे थे। छग में शासन परिवर्तन होने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारियों का रवैया ज्यों का त्यों रहा। वसूली अभियान निर्बाध गति से चलता रहा, जिसकी समय-समय पर शिकायत मुख्यमंत्री सहित पार्टी स्तर पर भी की जाती रही। परंतु चुनाव एवं पार्टी घोषणा पत्र की पूर्ति की व्यस्तता के कारण सरकार का ध्यान इस ओर नहीं था। लेकिन, अब प्रदेश में चुनाव समाप्ति के बाद मुख्यमंत्री का विशेष ध्यान इन वसूली अधिकारियों के कान ऐंठने में है।

अच्छे शिक्षक को आलराउंडर प्लेयर की तरह होना चाहिए : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

■ बच्चों की बेहतरी के लिए ईसीसीई प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

नई शिक्षा निती के तहत 3 दिवसीय बालवाड़ी शिक्षण के अंतर्गत ईसीसीई प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलारी में 16 से 18 मई तक बीआरसीसी जेएल जोशी के मार्गदर्शन में प्रारम्भ हुआ। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को उचित देखभाल के साथ शिक्षा से जोड़ना व स्कूल रेडिनेश के लिए तैयार करना है। ईसीसीई का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनकी रुचि के अनुरूप खेल कराकर, गतिविधि के माध्यम से शिक्षा देना है। प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार साहू सहायक शिक्षक शासकीय प्राथ शाला खैरा, नीता कुर्रे सुपरवाईजर एकीकृत महिला बाल विकास विभाग एवं टेनिसा साहू आरपी अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के द्वारा सभी प्रशिक्षणर्थियो को विभिन्न प्रकार के थीम के माध्यम से गतिविधि कराकर मनोरंजक ढंग से प्रशिक्षण दिया गया। बालवाड़ी से सबद्ध 38 स्कूल और उनसे जुड़े आंगनबाड़ी के शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति में यह बच्चों के लिए देखभाल और शिक्षा आधारित यह प्रशिक्षण बहुत ही अच्छे ढंग से गतिविधि आधारित और खेल के माध्यम से संपन्न हुआ।

हर प्रशिक्षण कुछ नया सीखाने वाला होता है

बालवाड़ी के इस प्रशिक्षण में विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएन वर्मा ने निरीक्षण करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत एक अच्छे शिक्षक को आलराउंडर प्लेयर की तरह होना चाहिए और क्षेत्र में पारंगत होकर अपने विभिन्न स्तर के बच्चों का समग्र विकास करना है। ईसीसी सी प्रशिक्षण के अन्तिम दिवस विकास खंड स्त्रेत समन्वयक जेएल जोशी ने कहा कि हर प्रशिक्षण कुछ नया सीखाने वाला होता है, और यह प्रशिक्षण भी हमारे लिए वैसा ही है। यह प्रशिक्षण को सभी साथी पुरी गंभीरता से लेते हुए अपने अधीनस्त शालाओं में लागु करेंगे, हम सभी मिलकर इस शिक्षा के लिए सर्वोत्तम से बढ़कर करे।

आत्मानंद विद्यालय कसडोल में समर कैंप प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

■ पुलिस की अनुपस्थिति से विद्यालय परिवार निराश

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा विद्यार्थियों में समग्र कौशल विकास विकसित कराने के उद्देश्य से ग्रीष्म कालिन अवकाश पर विद्यालयों में समर कैम्प आयोजित कराने का आदेश जारी हुआ है। इसी आदेश के परिपालन में शनिवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कसडोल में निर्धारित समय सुबह 07 बजे से 9:30 बजे तक समर कैम्प आयोजित किया गया। यह समर कैम्प निर्धारित समय अनुसार 01 जून तक चलेगा। आज प्रथम दिवस में विद्यार्थिओं के कौशल विकास, परस्पर रचनात्मक गतिविधिओं तथा ज्ञान वर्धक विषयों की जानकारी हेतु जिला कलेक्टर बलोदा बाजार भाठापारा के पत्र अनुसार पुलिस विभाग को उपस्थित होकर जानकारी प्रदान करना था। जिसके लिए संस्था के प्राचार्य संतोष वर्मा के द्वारा लगातार प्रयास भी किया गया फिर भी पुलिस विभाग का कोई अधिकारी कर्मचारी उपस्थित नही हुआ। तब निराश होकर संस्था के प्राचार्य संतोष वर्मा पालक के रूप में उपस्थित, श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लाक अध्यक्ष साहेब लाल साहू को मुख्य अतिथि बनाकर छत्तीसगढ़ महतारी, सरस्वती माता एवं स्वामी आत्मानंद की प्रतिमा में दीप प्रज्जवलित करा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि साहेब लाल साहू ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस का काम शांति व्यवस्था में बनाये रखना एवं जनता को सुरक्षा प्रदान करना है। संकट की घड़ी में जब कोई साथ नहीं तब पुलिस हमारी मदद कर हमें न्याय दिलाती है। अर्थात पुलिस ही सच्चे मित्र है। इसलिए उसकी मदद लेकर उनकी सुझाव का पालन करना चाहिए। जैसा कि ट्रैफिक नियमों के तहत जो, संदेशात्मक आदेशात्मक एवं निषेधात्मक चिन्ह बनाये गये है उसका पालन कर दर्घटना से बचा जा सकता है। उदाहरण स्वरूप ट्रैफिक सिंगनल में लाल बत्ती हमें रूकने के लिए आदेश देती है। उसका पालन करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति बाध्य है। अंत में संस्था के प्राचार्य संतोष वर्मा ने बताया कि आज पुलिस को आना था। 19 मई को स्वास्थ विभाग, 20 मई को महिला एवं बालविकास विभाग 21 मई को विद्युत विभाग, तथा 22 मई को उद्यानिकि विभाग को उपस्थित होकर जानकारी देना है उसी प्रकार 1 जून तक समर कैंप निर्धारित समय सुबह 7 बजे से 9.30 बजे तक चलेगा। जिसमें सभी विद्यार्थीओं एवं उनके पालको को उपस्थित होने का आहवान किया है।जिसमें शासन के मंशानुरूप छात्र-छात्राओं का समग्र विकास होगा।



जनजागरूकता एवं सामूहिक प्रयास से नगर में चलाया गया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

स्थानीय सब–डिवीजनल मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, अधिवक्ता संघ, प्रेस क्लब एवं विभिन्न राजनैतिक दल के सदस्यों ने नगर पंचायत सिमगा के सब्जी मंडी में सफाई अभियान चलाकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस सामूहिक प्रयास का उद्देश्य न केवल नगर को स्वच्छ बनाना है, बल्कि सभी निवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वच्छता की प्रक्रिया में भागीदार बनाना भी है।

इस अभियान की शुरुआत स्थानीय सब–डिवीजनल मजिस्ट्रेट द्वारा की गयी। जिन्होंने अपने संबोधन में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला एवं इसे हर नागरिक का कर्तव्य बताया। अधिवक्ता संघ प्रेस क्लब एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के सदस्य भी इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हुए। सभी की इस अभियान में एकजुटता यह संदेश देती है कि स्वच्छता एक ऐसा मुद्दा है जिस पर सभी को एक साथ आकर काम करना चाहिए। यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है और हम सबको इसमें भाग लेना चाहिए। इस तरह के सामूहिक प्रयास यह साबित करते हैं कि जब सभी स्टेकहोल्डर्स एकजुट होकर किसी सामाजिक कार्य में शामिल होते हैं तो वह कार्य न केवल सफल होता है बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी फैलाता है।

यह अभियान नगरवासियों को जागरूक करने और स्वच्छता हेतु प्रेरित करने में निश्चित रूप से मददगार साबित हुआ।